# कार्यालयः सचिव, उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर (नैनीताल)

पत्रांकः उ0वि0शि0प0 / वि0प0 / ए0आ0आ0वि0प्र0प0 2026 / 154-160 / 2025–26 दिनांक 17 जनवरी 2026

:: विज्ञप्ति ::

**एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय कालसी / मेहरवाना / बाजपुर / खटीमा प्रवेश परीक्षा (कक्षा–06) 2026**

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय कालसी, बाजपुर, खटीमा एवं मेहरवाना (चकराता), में सत्र 2026–27 में कक्षा 6 में प्रवेश के लिए **राज्य / केन्द्र सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त विद्यालयों में वर्तमान शिक्षा सत्र 2025–26 में कक्षा–5 में अध्ययनरत् एवं गृह आधरित शिक्षा प्राप्त कर रहे उत्तराखण्ड राज्य के अनुसूचित** जनजाति (ST), विमुक्त जनजाति (DNT), घुमन्तू जनजाति (NT), अर्द्ध घुमन्तू जनजाति (SNT), एवं कोविड / वामपंथी आदिवाद (**LWE**) / Insurgencies में अपने माता–पिता को खोने वाले बालक / बालिका, विधवा माता के बालक / बालिका, दिव्यांग माता–पिता के बालक / बालिका, अनाथ बालक / बालिका, **से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।** आवेदन पत्र का प्रारुप जनपद के मुख्य शिक्षा अधिकारी कार्यालय, खण्ड शिक्षा अधिकारी, प्राचार्य एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय कालसी / बाजपुर / खटीमा / मेहरवाना कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते हैं। आवेदन पत्र, केन्द्र एवं परीक्षा सम्बन्धी विस्तृत निर्देश उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर, (नैनीताल) की वेबसाइट www.ubse.uk.gov.in में DEPARTMENTAL EXAM टैब पर उपलब्ध है, जिसे डाउनलोड करके भी आवेदन किया जा सकता है। **अभ्यर्थी की आयु 31 मार्च 2026 को 10** वर्ष **से 13** वर्ष **के मध्य होनी चाहिए**, अर्थात उसका जन्म 31 मार्च 2013 से 01 अप्रैल 2016 के मध्य हुआ हो (उक्त दोनों तिथियां सम्मिलित हैं) दिव्यांग अभ्यर्थियों हेतु अधिकतम आयु सीमा में दो वर्ष की छूट प्रदान की जायेगी। छात्र / छात्राओं द्वारा पूर्ण रुप से पूरित आवेदन पत्र दिनांक 10 फरवरी 2026, सायंकाल 5:00 बजे तक **"सचिव, उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् विभागीय परीक्षा अनुभाग, रामनगर, (नैनीताल) पिन–244715"** के पते पर पंजीकृत डाक से अवश्य पहुँच जानी चाहिए। लिफाफे के बाहर "**एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय कालसी प्रवेश परीक्षा** 2026 हेतु आवेदन पत्र" अवश्य लिखा होना चाहिए। प्रवेश परीक्षा माह अप्रैल 2026 द्वितीय सप्ताह में कराई जानी प्रस्तावित है।

17/01/2026

(वी0पी0सिमल्टी)
सचिव
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्
रामनगर (नैनीताल)